खबर संक्षेप

## मैहर में दर्शनार्थियों से अभद्रता

**मैहर।** मां शारदा माता मंदिर की उतरने वाली सीढियों पर अक्सर कुछ फ़ेरीवाले सिदूर,चना,फोटो, माला आदि की दुकान लगाकर दर्शनार्थियों के आने जाने के रास्ते को अवरूद्ध करते हैं एवं जबरदस्ती उन्हे सामान खरीदने के लिए परेशान करते हैं जिन्हे पुलिस के द्वारा कई बार समझाया गया किंतु उक्त दुकानदार अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं और पुलिस के हटते ही फिर से सीढियों पर दुकान लगाकर बैठ जाते हैं जिस कारण कई बार दर्शनार्थियों एवं फ़ेरीवालों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होती है एवं दर्शनार्थियों को असुविधा होती है साथ ही मंदिर परिसर की शांतिभंग होती है। आज दर्शनार्थियों से अभद्रता कर शांतिभंग करने वाले 03 फ़ेरीवालों को देवीजी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक महेन्द्र गौतम व उनके सहयोगी स्टाफ द्वारा उमेश चौधरी पिता,विकास बारी एवं आशीष हरिजन को गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गई। मंदिर परिसर में इस प्रकार शांतिभंग करने वाले असमाजिक तत्वों के विरूद्ध पुलिस की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### गंदी तस्वीरें खींची, वीडियो बनाया और लाखों रुपए वसूले

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती की फिर बेला रिसोर्ट में ले जाकर महिला के साथ बलात्कार

**सतना।** एक युवक ने इंस्टाग्राम पर दो बच्चों की मां से दोस्ती की। शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए और अश्लील वीडियो बना लिए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इसके बाद आरोपी शादी की बात से मुकर गया,वहीं वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लाखों रुपए वसूल लिए। परेशान होकर वह शुक्रवार को मॉस्किटो लिक्विड पीकर एसपी कार्यालय पहुंची। पुलिस ने तुरंत उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है।

### जबलपुर में बनाया था अश्लील वीडियो

पीड़िता ने बताया कि आरोपी आदित्य मिश्रा 24 वर्ष ने उससे अप्रैल 2024 में पहली बार मुलाकात की। उसने सतना के बेला रिसॉर्ट में कमरा बुक किया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मई 2024 में आरोपी उसको जबलपुर ले गया। वहां दीनदयाल बस स्टैंड के पास एक होटल में ठहरकर फिर से शारीरिक संबंध बनाए और चुपके से



अश्लील वीडियो बना लिए।

### महिला ने पिया जहर का प्याला

आरोपी ने इन वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पीड़िता से लाखों रुपए वसूल लिए। परेशान होकर पीड़िता ने मॉस्किटो लिक्विड पी लिया और एसपी कार्यालय



पहुंची। महिला थाना पुलिस ने तुरंत उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।

### संबंधों की जानकारी होने पर पति ने छोड़ा

पीड़िता ने अपने आवेदन में बताया कि 2015 में उसकी हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार शादी हुई थी। उसके दो बच्चे हैं,एक बच्चे की उम्र 9 साल और दूसरे की 4 वर्ष है। जब पति को इस बारे में पता चला तो उसने उसके साथ मर्जी से रिश्ता समाप्त करने का आवेदन कोर्ट में दिया। मामले की सुनवाई चल रही है। उधर आरोपी अब इस बात की धमकी दे रहा है कि अब वह तलाक के बाद भी शादी नहीं करेगा।

### लाखों रुपए वसूलने का आरोप

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने वीडियो के जरिए उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और विवाह विच्छेद करने का दबाव बनाया। इसी दौरान,ब्लैकमेलिंग के कारण महिला ने आरोपी को 3 लाख रुपए भी भेज चुकी है। इसके बाद से आरोपी सतना से पुणे भाग गया और वहां गोपनीय रूप से रह रहा है। वह वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गढ़िया टोला में रहता है आरोपी

टीआई श्वेता मौर्य ने बताया पीड़िता के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पीड़िता की हालत सामान्य होने के बाद मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आरोपी गढ़िया टोला का रहने वाला है और वर्तमान में फरार है। वह फोन पर पीड़िता को लगातार धमकियां दे रहा है।



## अमरपाटन जनपद पंचायत की बैठक में हंगामा, नारेबाजी; सीईओ ने छोड़ी कुर्सी

**अमरपाटन।** जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में शुक्रवार को जमकर हंगामा हो गया। दरअसल बैठक में अध्यक्ष ममता पांडेय और सदस्यों ने सीईओ ओपी अस्थाना पर देरी से आने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर दी। जिससे नाराज होकर सीईओ बैठक छोड़कर बाहर चले गए। बैठक में सीईओ के जवाब से नाराज होकर सभी जनपद सदस्यों ने उनके खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। सदस्यों का आरोप है कि सीईओ महिला सदस्यों और अध्यक्ष के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। इसके बाद सदस्यों ने सीईओ के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। नाराज सदस्य शिकायत के लिए मैहर स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचे।

**देरी से आने का कारण पूछने पर भड़के सीईओ**

अध्यक्ष माया पांडेय के अनुसार सीईओ ओपी अस्थाना बैठक में देरी से पहुंचे,जिसपर सदस्यों ने उनसे देरी से आने का कारण पूछा तो वे भड़क गए और बैठक छोड़कर बाहर चले गए।

**बैठक में सदस्यों की जगह पति मौजूद: सीईओ**

वहीं सीईओ अस्थाना का कहना है कि बैठक में जनपद सदस्यों की जगह उनके पति मौजूद थे,जो नियम के खिलाफ है। मैंने उन्हें बैठक से बाहर जाने के लिए कहा जिस पर वे नाराज हो गए और मेरे साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। जिसके कारण मुझे बैठक छोड़नी पड़ी।

# बेरमा और इटमा के खनिज गौड़ के पैसों का जमकर हुआ बंदरबांट

**मैहर।** मैहर के बेरमा एवं इटमा गांव का नाम टमाटर उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है इस क्षेत्र में टमाटर और करेला का उत्पादन व्यापक पैमाने पर किया जाता है। मैहर के बेरमा में उत्पादित टमाटर प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में भेजा जाता था लेकिन मौसम आधारित खेती करने से किसानों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता था क्योंकि उस वक्त इन उत्पादों की कीमत बाजार में काफी कम होती है।

बस यहीं से किसानों को सपने दिखाने का काम शुरू हुआ और इसकी जवाबदारी किसे दी जाए और किसके कंधे पर रखकर बंदूक चलाई जाए यह तय किया जाने लगा। इस काम के लिए सत्यमेव जयते महिला ग्राम संगठन को चुना गया। इस महिला ग्राम संगठन का काम था कि भोले भोले किसानों को नए सब्ज बाग दिखाई जाए कि उनका टमाटर अब बेकार नहीं जाएगा बस क्या था फिर नेता अधिकारी और महिला संगठन लग गए अपने काम पर कि मैहर के इस इलाके में फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाना है। बताया जाता है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के आजीविका मिशन की ओर से महिला स्व सहायता समूहों के लिए तमाम लघु उद्योग स्थापित कराकर महिलाओं को मूल धारा में लाने का प्रयास किया जा रहा था। इस कड़ी में यह तय किया गया कि टमाटर और करेला उत्पादक बेरमा इलाके में अगर फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगवा दी जाए तो इससे न केवल फसल उत्पादक किसानों का मुनाफा बढ़ेगा बल्कि क्षेत्र को भी नई पहचान मिलेगी। हालांकि इसके लिए पहले भी कई बार प्रोजेक्ट तैयार किए जा चुके थे। लिहाजा इस बार इस प्रोजेक्ट के लिये कोई मशक्कत नहीं करनी पड़ी। बताया जाता है कि तत्कालीन जिपं सीईओ ऋजु बाफना ने जिले के इस सपने को साकार करने के लिए अपनी एनआरएलएम विंग से समूहों को इसके लिए तैयार करने के निर्देश दिए। इधर,फूड प्रोसेसिंग यूनिट का प्रोजेक्ट तैयार कर खनिज न्यास मंडल में प्रस्तुत किया गया।उधर सत्यमेव जयते आजीविका ग्राम संगठन बेरमा के तहत पांच उत्पादक समूहों का गठन किया गया,जिला खनिज मद से फूड प्रोसेसिंग इकाई के लिए 8 लाख की राशि स्वीकृत की गई।

### कागजों में की गई कार्यवाही

बताया जाता है कि तत्कालिक जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम संगठन बेरमा के सदस्यों को ग्वालियर में चल रही फूड प्रोसेसिंग इकाई के शैक्षणिक भ्रमण पर भी भेजा। इसके बाद फूड प्रोसेसिंग यूनिट खरीदने के लिए सदस्यों को गाजियाबाद भेजा गया था। ईकाई के लिए डीएमएफ मद से 8 लाख रुपए की मदद भी की गई। यह यूनिट इटमा पहुंची तो इसे पुराने पड़े पंचायत भवन में स्थापित किया गया। इसके बाद अब इसका ट्रायल शुरू किया गया लेकिन सब कागजों पर किया गया।

### फैक्ट्री में लगा है ताला

आजीविका मिशन के द्वारा जिन महिला संगठनों को कैचप फैक्ट्री लगाने के लिए खनिज गौड़ के रुपए 800000 का बंदरबांट किया गया जिसके चलते अब ना तो वह मशीन है और ना ही कैचप कंपनी है जिस खनिज गौड के पैसों से क्षेत्र का विकास होना चाहिए,नहीं हुआ।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**मैहर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के 6 अप्रैल को मैहर नगर के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियां शुरू हो गई है। कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड़ एवं पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल एवं संबंधित अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह,एसडीम विकास सिंह,सीएसपी राजीव पाठक,तहसीलदार जितेंद्र पटेल,थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### सनातन संस्कृति में मातृशक्ति का स्थान सर्वोत्तम

**सतना।** मध्य प्रदेश शासन की राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने कहा कि हमारे मनीषियों ने भारत माँ को,ज्ञानदायिनी सरस्वती,वैभवदायिनी लक्ष्मी और दुष्टविनाशिनी दुर्गा तीनों के समन्वित रूप में देखा। देवी अष्टभुजा की आराधना भी उसी दृष्टि से ही करते है। श्रीमती बागरी,ने हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा आयोजित रामनवमी महोत्सव अंतर्गत शक्ति साधना यात्रा के समापन अवसर पर मातृशक्ति को संबोधित कर रही थी।उन्होंने जानकी टोली का अभिनंदन करते हुए कहा कि स्त्री का अष्टावधांनी होना भी इस आठ हाथों से सूचित होता है।एक ही समय अनेक कामों में वह ध्यान रखती है-सजग रहती है। परिवार के सभी जनों का ध्यान रखती है। समाज में घटने वाली घटनाओं का कार्य कारण भाव समझ सकती है।मानों एक सजग प्रहरी है। उसके पूर्व सुभाष पार्क से श्रीमती प्रतिमा बागरी,पूर्व विधायक शंकर लाल तिवारी,महापौर योगेश ताम्रकार,समन्वय समिति अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी संयोजक कमलजीत सिंह सेठी,वरिष्ठ सदस्य उत्तम बनर्जी,जितेंद्र जैन,हरिओम गुप्ता ने भगवा ध्वज लहराकर सुभाष पार्क से शक्ति साधना यात्रा का शुभारंभ किया।

## भारत सरकार की योजना ओएनओएस की जानकारी दी गई

**मैहर।** शासकीय महाविद्यालय मैहर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना (ओएनओएस) वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन के क्रियान्वयन,पंजीयन और उपलब्ध रिसोर्सेज के उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा हुयी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश सिंह एवं मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों के स्वागत से हुआ,तत्पश्चात महाविद्यालय के ग्रन्थपाल शैलेश कुमार सिंह द्वारा ओएनओएस पोर्टल पर स्टॉफ,विद्यार्थियों के पंजीयन,लॉगिन एवं उपलब्ध जर्नल्स के एक्सेस के बारे में बताया गया। भूगोल के सहायक प्राध्यापक हेमंत कुमार द्वारा ओएनओएस की उपयोगिता के बारे में चर्चा की गयी। कार्यक्रम का संचालन एवं प्रशिक्षण ग्रन्थपाल शैलेश सिंह के द्वारा किया गया।

# प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड ने सीएसआर एक्सीलेंस कैटेगरी में जीता इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवॉर्ड - 2025



**सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा प्रदान किया गया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड़ की ओर से रजनीश सचेती,ग्रुप प्रे्रसीडेंट,लीगल एंड इनडायरेक्ट टैक्सेस,मनीष कुमार सिन्हा,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स,देवेन्द्र मिश्रा एजीएम सीएसआर एंड पीआर एवं विनय उरमलिया मैनेजर पीआर ने 2 अप्रैल को होटेल कोर्टयार्ड मैरियट,भोपाल में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में प्राप्त किया। इस भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया था। यह सम्मान कंपनी द्वारा वर्ष 2024-25 में शिक्षा,स्वास्थ्य,पर्यावरण संरक्षण,महिला सशक्तिकरण,कौशल विकास और अन्य सामाजिक कल्याणकारी कार्यों में किए गए महत्वपूर्ण योगदान एवं समाज-सेवा की प्रतिबद्धता और सतत विकास के प्रयासों के लिये प्रदान किया गया। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय अग्रवाल,कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैन,प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड टेक्निकल मनीष सिंह एवं अन्य वरिष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड लंबे समय से समाज के उत्थान के लिए कार्यरत है। कंपनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के अवसर बढ़ाने,स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने,हरित पर्यावरण लागू करने,और विभिन्न सामाजिक योजनाओं को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई है।



## खबर संक्षेप

### किसान और परिवार पर मधुमक्खियों का हमला, 7 घायल, पति-पत्नी नाजुक

**पन्ना।** घर से खेत जा रहे एक किसान और उसके परिवार पर मधुमक्खियों के एक झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना में महिलाओं और बच्चे सहित कुल सात लोग घायल हो गए है। इसमें किसान और उसकी पत्नी की हालत नाजुक बनी हुई है जिनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। मामला ग्राम मनकी कटारिया का है। जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय किसान प्रेमसिंह यादव अपने परिवार के साथ खेत की ओर जा रहे थे। तभी घर के पास ही एक पेड़ पर बैठी मधुमक्खियों के एक झुंड ने अचानक उन पर धावा बोल दिया। मधुमक्खियों के इस हमले से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें मधुमक्खियों ने कई जगह काटा है। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह किसान और उसके परिवार वालों की जान बचाई गई। सभी घायलों को तुरंत 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। घटना में किसान प्रेमसिंह यादव और उनकी पत्नी गुड्डी यादव की हालत गंभीर है। दोनों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने पहले कभी इस तरह से मधुमक्खियों का हमला नहीं देखा था। लेकिन अंदाजा लगाया जा रहा है कि मधुमक्खियों के छत्ते को किसी तरह से छेड़ा गया होगा। जिसके कारण उन्होंने हमला कर दिया। डियूटी डॉक्टर प्रदीप द्विवेदी ने बताया कि, घायलों की स्थिति अब खतरे से बाहर है और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है।

### रामनवमीं के दिन निकलेगी विशाल शोभा यात्रा

#### श्री राम जानकी मंदिर से निकली प्रभात फेरी

# भगवान राम के जयकारों से गूंजा पन्ना शहर



**पन्ना।** भगवान श्री राम चंद्र जी जन्मोत्सव नगर में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है इस उपलक्ष में पन्ना नगर को खूबसूरत रंगीन प्रकाश द्वारा एवं वंदनवारों से सजाया गया है प्राचीन मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया, जिससे नगर और मंदिरों की भव्यता देखते ही बनती है श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा शहर में प्रतिदिन प्रभात फेरी निकल गई जिसमें गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए, डॉ राजेश वर्मा ने सभी जिले वासियों से रामनवमी के दिन शोभा यात्रा में जिले वासियों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है जो प्रातः 700 से श्रीराम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मोहल्लो बड़ा बाजार, बलदेव मंदिर, कटरा, बस स्टैंड, बेनीसागर, आगरा मोहल्ला, गांधी चौक, धाम मोहल्ला, इंद्रपुरी सहित आसपास के सभी मोहल्ले में जाकर जागरण किया जाता हैं , जिसमें संगीत भजनों की मधुर धुन एवं डीजे के साथ नाचते झूमती भक्तगण प्रतिदिन प्रभात फेरी में शामिल होते हैं जिसका जगह-जगह स्वागत किया जाता है बेनीसागर मोहल्ले में निज निवास के सामने समाजसेवी धीरज उर्फ गुड्डू तिवारी प्रभातफेरी का स्वागत जलेबी पोहा और फल खिलाकर किया, प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी निकलती है जिसका पन्ना नगर के लोग जगह मिष्ठान फल और अल्पाहार से स्वागत करते हैं आज प्रभात फेरी में विधायक डॉ राजेश वर्मा, समाजसेवी धीरज तिवारी गुड्डू भैया, तरुण पाठक देवेंद्र सिंह बबलू यादव, अशोक गुप्ता, अज्जू गर्ग, सचिन यादव सहित बड़ी संख्या में लोग प्रभात फेरी में शामिल हुए।



## आगजनी में घर व गृहस्थी का सामान जलने पर पर लक्ष्य संगठन ने भेंट की राशि





**अजयगढ़।** जनपद पंचायत अजयगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत कीरतपुर के ग्राम कल्याणपुर में अज्ञात कारणों के चलते अचानक गणेश प्रसाद लोध के पुत्र संग्राम सिंह ,हिम्मत सिंह,घनश्याम सिंह व जीतेन्द्र सिंह लोध के घर मे आग लग गई थी जिसे ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया तब तक सभी भाइयों के घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया था। जिसमें लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन पन्ना के प्रयास से राशि एकत्रित कराई गई थी इस मुहिम में सर्व समाज के लोगो ने सहायता प्रदान की। जहां लक्ष्य स्वयंसेवकों द्वारा उनके घर पहुंच कर आर्थिक मदद के रूप में राशि सोप गई। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय लोधी युवा महासभा के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह लोधी की रिटायर्ड फौजी दिया सरपंच राम शिरोमणि लोधी जी,शिक्षक नंदकिशोर लोधी संरक्षक- लक्ष्य इकाई अजयगढ़, रामपाल सिंह राजपूत संरक्षक- युवा शक्ति (मदद के हाथ), श्री अंकु कुशवहा जी, राम सिंह लोधी जी (ब्लॉक अध्यक्ष -लक्ष्य), लक्ष्य टीम के कोचिंग एवं सोशल मीडिया प्रभारी राजेश सिंह लोधी(स्प्ब-सलाहकार), युवा शक्ति( मदद के हाथ ) के संयोजक शुभम सिंह राजपूत , महेंद्र सिंह राजपूत, प्रह्लाद सिंह, लोधी, सहित खोरा चौकी प्रभारी प्रीतम सिंह शामिल रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र में आदिवासी दलित वर्ग के अनुमति के विपरीत पन्ना जिले में आबकारी विभाग ने शराब दुकान खोली तो आदिवासी दलित क्रांति सेना करेगा विरोध प्रदर्शन

### 14 अप्रैल डॉ. अंबेडकर की जयंती से आंदोलन का आगाज



**पन्ना।** आदिवासी दलित क्रांति सेना (बुंदेलखंड) के संयोजक केपी सिंह बुंदेला ने प्रेस से मुखातिब होते हुए कहा कि रेपुरा क्षेत्र मे ताखोरी; बघवार, पिपरिया कला, अन्य स्थानो पर आबकारी विभाग शराब की दुकाने खोलने जा रहा है जिसका बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा आबकारी विभाग को चाहिए कि जहां शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव रखा जाए पहले आदिवासी दलित वर्ग से सलाह लेकर ही प्रस्ताव पारित करें तखोरी गांव की आदिवासी महिलाओं ने डंडा लेकर धरना प्रदर्शन किया था आदिवासी दलित महिला शक्ति जागृत हो चुकी है पिडीयों से इस समाज को शराब पिलाकर आदिवासी दलित समाज को शराब की लत लगाकर परिवारों को बर्बाद किया जा रहा है जिसका खंडन इस समाज के पढ़े-लिखे युवक विरोध कर रहे हैं शासन- प्रशासन नहीं चेता तो आदिवासी दलित क्रांति सेना बड़े स्तर पर आंदोलन कारना तय हुआ है हम लड़ेंगे हर स्तर पर शराब दुकान नहीं खुलने दी जाएगी जिस गांव में इसका विरोध हो एकता दिखाकर समाज को बर्बाद होने से बचना चाहते हैं वहां पर शासन की इस योजना का विरोध किया जाएगा छोटा वर्ग समझकर शासन यह गलती करना भूल जाए अब इस समाज में जागृति आ चुकी है आदिवासी दलित क्रांति हर स्तर से विरोध प्रदर्शन करेगा। डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को ताखोरी चोराहा से आंदोलन की होगी शुरुआत तीन चरणों में आंदोलन की जाएगी आगाज।

## अमानक एवं घटिया मटेरियल से हो रहा 300 करोड़ के रुंझ डेम का निर्माण



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत निर्माणाधीन रुंझ डेम में एस्टीमेट के अनुसार मटेरियल का उपयोग करने के बजाय अमानक और घटिया मटेरियल लगाया जा रहा है। इस प्रकार अनियमितता और भ्रष्टाचार करते हुए गुणवत्ताहीन डेम का निर्माण किया जा रहा है। बताया गया है कि डेम निर्माण के लिए उपयोग की जाने वाली रेत नदी से मंगाने के बजाय रुन्झ नदी के उद्गम स्थल के आसपास के बलुआ पत्थरों को स्टोन क्रेशर में डालकर रेत बनाई जा रही है। यह रेत डस्ट से भी घटिया क्वालिटी की होती है। इस प्रकार की रेत से होने वाले निर्माण कुछ ही दिनों में ध्वस्त होने लगते हैं। इसी प्रकार ग्रेनाइट पत्थरों के बजाय रोड़ी गिट्टी आदि भी इन्हीं बलुआ पत्थरों से बनाई जा रही है। जबकि डेम निर्माण में एम सेन्ड कठोर पत्थर या चट्टानों को पीस पर बनाई रेत उपयोग की जाती है। लेकिन रुंझ डेम निर्माण में उपयोग के लिए बाहर से केवल सीमेंट और लोहा मंगवाया जा रहा है। अन्य सामग्री आसपास से ही उत्खनन कर उपयोग की जा रही है। इसके साथ ही पहाड़ी से लगे क्षेत्र में अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिससे भविष्य में पहाड़ में कटाव की भी आशंका है। रुंझ डेम निर्माण में इस प्रकार अमानक मटेरियल उपयोग कर घटिया निर्माण किए जाने से क्षेत्र के जागरूक नागरिक चिंतित हैं। इस मामले में जब डब्ल्यूआरडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर सतीश शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने कैमरे के सामने आने से आनाकानी करते हुए बताया गया कि नदी के पत्थरों से बनाई गई रेत, रोड़ी व गिट्टी का भोपाल की लैब में परीक्षण करवाया गया है। इसके इस्तेमाल की अनुमति भी ले ली गई है सारे काम नियम अनुसार और एस्टीमेट के अनुसार हो रहे हैं।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या जिस मटेरियल को लैब में टेस्ट करवाया गया है वहीं उपयोग किया जा रहा है या फिर टेस्ट किसी और मटेरियल का और उपयोग कोई और मटेरियल किया जा रहा है, क्योंकि बलुआ पत्थर से बनाई गई रेत काफी नाजुक और घुलनशील होती है।

### माँ ज्वाला के दरबार में महा आरती संपन्न, हजारों भक्तों ने उतारी मातेश्वरी की आरती



**अमानगंज-** पन्ना जिले के अमानगंज नगर का प्रमुख देवीय स्थल माँ वाला देवी मंदिर में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी चौत्र नवरात्रि की पंचमी पर मंदिर समिति माता रानी के भक्तों के द्वारा महाआरती का आयोजन आयोजित किया गया। यह आरती ठीक 8:30 बजे वैदिक मंत्रो उच्चारण के बीच आरंभ हुई। भारी शंख ध्वनि, घंटों घडीयालो की सुंदर आवाज के साथ माता रानी के हजारों भक्त अपने हाथों में माता रानी के महाआरती घी के दीपक लिए मंदिर प्रांगण में नजर आए और एक साथ सामूहिक माता रानी की आरती भक्तों ने यहां की अमानगंज नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमति सरिका खटीक अपने साथी पार्षदों के साथ महाआरती में उपस्थित नजर आए ज्ञात हो कि यह पावन धार्मिक स्थल पन्ना जिला ही नहीं अपितु सारे बुंदेलखंड में अत्यंत लोकप्रिय होने के साथ ही फलदाई है यहां स्थल क्षेत्रीय भक्तों के अतिरिक्त दूर-दूर से भक्त अपनी मुरादों को लेकर आते हैं और माता रानी की कृपा से बड़े से बड़े काम भक्तों के यहां बनते नजर आए हैं और आज भी बन रहे हैं मां की आरती के बाद भक्तों में नाना प्रकार के प्रसाद का वितरण पूरे उत्साह के साथ किया गया। जिन्हें पाकर भक्तों ने अत्यंत उत्साह और आनंद देखने को मिला माता रानी के जयकारों से मंदिर प्रांगण चारों ओर से गुंजायमान हो उठा।

## नवागत थाना प्रभारी अमानगंज ने कमान संभालते ही यातायात पर दिया ध्यान

### नगर के अंदर बड़े वाहनों की नो एंट्री



**अमानगंज।** नगर में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नवनियुक्त थाना प्रभारी अमानगंज माधवी अग्निहोत्री ने नई एडवाइजरी जारी की है. एडवाइजरी के तहत अब नगर अमानगंज कस्बे के अंदर से गुजरने वाले जेके कंपनी के बड़े ट्राला एवं अन्य भारी भरकम वाहन नहीं निकलेंगे, उन्होंने यातायात को डायवर्ड किया है कस्वा से निकलने वाले समस्त भारी वाहन वायपास से सुचारू रूप से निकलेंगे क्योंकि आए दिन बड़े वहां नगर के अंदर से गुजरते थे जिसके चलते दुर्घटनाएं एवं जाम की स्थिति बनी रहती थी जहां महानगरों की ओर निकलने वाले वाहनों बसों को एवं आम राहगीरों को काफी परेशानियों से सामना करना पड़ता था इसी समस्या को। मद्देनजर रखते हुए संवेदनशील थाना प्रभारी ने थाना अमानगंज की कमान संभालते ही इस भीषण समस्या से निजात दिलाने के लिए संज्ञान लेते हुए तुरंत एडवाइजरी जारी की और बड़े वाहनों को नगर में प्रवेश वर्जित कर दिया जैसा कि बता दें।

थाना अमानगंज प्रभारी द्वारा आमजनता की सुरक्षा व्यवस्था एवं दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु कस्वा अमानगंज से आवागमन करने वाले भारी वाहनों प्रतिबंध लगाते हुये भारी वाहनों को वायपास से सुरक्षित आवागमन हेतु प्वाईंट लगाकर यातायात को डायवर्ड किया गया है कस्वा से निकलने वाले समस्त भारी वाहन वायपास से सुचारू से आवागमन कर रहें हैं एवं कस्वा के अन्दर आम जनता एवं व्यापारियों को सडक के किनारे अपने वाहनों को खडा करने एवं सामग्री रखकर आवागमन वाधित न करने हेतु अपील की गई है।

## घर के सामने सड़क पर रखी पिकअप गायब, मामला दर्ज

**अमानगंज।** फरियादी राम सजीवन मिश्रा पिता सुरेशपसाद उम्र 40 वर्ष ने पुलिस थाना अमानगंज पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि मैने कल दिनांक 3 अप्रेल तक रात मेरी पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 35 डीए 0461 मेरे घर के सामने सड़क पर घड़ी की थी और सुबह जब उठकर देखा तो मेरी पिकअप सड़क पर उस स्थान पर नहीं थी। घटना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।




### विधायक ने नगर परिषद के नवीन भवन का किया निरीक्षण, हाइड्रोलिक कैचर की दी सौगात

**पन्ना।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने गुरूवार को नगर परिषद देवेन्द्रनगर के नवीन भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही निकाय के अधिकारी-कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नगर परिषद को हाइड्रोलिक कैचर केयर की सौगात भी प्रदान की। विधायक डॉ. वर्मा ने बताया कि आम नागरिकों को आवारा पशुओं की समस्याओं से निजात के लिए कैचर केयर उपयोगी साबित होगा। इस वाहन के माध्यम से नगर परिषद की टीम द्वारा नगर में आवारा पशुओं को पकड़ने तथा मृत पशुओं को उठाने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी गुप्ता एवं सीएमओ के.के. तिवारी भी उपस्थित रहे।

## धन्य है छवि बेटी के माता-पिता जिन्होंने ऐसे सुविचार के दिये संस्कार- संतोष यादव







**शासकीय हाई स्कुल कुंजवन में प्रवेश उत्सव को लेकर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शील्ड प्रदान करते हुए शिक्षा की ओर प्रेरित करने को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिक्षा समिति जिलाध्यक्ष संतोष यादव ने मुख्य अतिथि की असिंदी से बोलते हुए शिक्षा के माध्यम से ही सड़क से लेकर संसद तक में अपनी प्रतिभा साबित करने का सुअवसर संभव होता है। प्रतिदिन विद्यालय आये शिक्षकों के द्वारा दिये गये होमवर्क को करें। दी जाने वाली पुस्तकों का अध्ययन करें अपने जीवन को लक्ष्य के साथ आगे मुकाम तय करने के लिए दी दिशा।**

**पन्ना।** मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव की सोच के चलते पहली बार सायद शिक्षा को मजबूत दिशा देने के लिए नवीन शिक्षा सत्र आरंभ होने में जहां उत्सव का रूप शासकीय विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में प्रवेशोत्सव को मनाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के कुंजवन शासकीय हाई स्कूल में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिक्षा समिति जिलाध्यक्ष संतोष यादव बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने विधिवत मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के बाद कार्यक्रम को दिशा दी। प्रवेशोत्सव के दौरान जहां मुख्य अतिथि शिक्षा समिति अध्यक्ष जिला पंचायत उपाध्यक्ष का रोली लगाकर स्वागत मार्ल्यापण के साथ किया गया। वहीं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शील्ड प्रदान करते हुए उनकी प्रतिभा के साथ अन्य छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रतिदिन आने के लिए सरकार की मंशा बताई गई। विद्यालय में प्रवेश उत्सव जिस तरह से मनाया गया। निश्चितौर पर जहां नवीन शिक्षा सत्र को लेकर यह उत्साह पहली बार शिक्षा जगत के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की भूमिका व विद्यालय में पदस्थ शिक्षकगणों के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के बीच आने वाले नवीन शिक्षा सत्र तथा अगली कक्षा में शिक्षा प्राप्त करने को लेकर यह तैयारी का समय भी माना जा रहा है। तभी तो पुस्तकें प्रदान करते हुए छात्र-छात्राओं को पढ़ने की दिशा के लिए उन्हें प्रेरणा दी गई। आज के कार्यक्रम में जहां विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल कुंजवन सुनील पाण्डेय जी ने अपने विचार रखते हुए छात्र-छात्राओं को प्रेरणादायी कहानी किसान के द्वारा जमीन की तैयारी वहीं आध्यात्मिक रूप से मां पार्वती के द्वारा भोलेनाथ के डमरू बजाने की जो सतत दिशा रहती थी उसको याद दिलाना बादलों के द्वारा बारिश की हड़ताल समाप्त तथा मेघों की खुशी डमरू की आवाज का बरसना तथा किसान के द्वारा प्रतिदिन जो जमीन की तैयारी की गई उसका प्रतिफल अच्छी फसल के रूप में मिलना इसी तरह छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन अध्ययन करना जरूरी है। वहीं मुख्य अतिथि की असिंदी से शासकीय हाईस्कूल कुंजवन के शाला प्रवेशोत्सव के दौरान जिला पंचायत के उपाध्यक्ष शिक्षा समिति अध्यक्ष संतोष यादव जिनका सरल व्यकित्व स्वमेव झलकता था। जिन्होंने कक्षा 8वीं में प्रथम डिवीजन से सफलता हांसिल करने वाली बेटी छवि के शुविचार सुनकर उसके माता-पिता को धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने ऐसे संस्कार बेटी को दिये। बेटी पढ़ाओ की ओर भी आपने सरकार की मंशा का समर्थन किया। वहीं शिक्षा ही वह दिशा देती है जो सड़क से लेकर संसद तक का मार्ग शिक्षा के माध्यम से ही अपनी प्रतिभा स्वमेव साबित करने के लिए जाना जाता है। यानि की शिक्षा से ही व्यक्ति सम्पूर्ण विकास तय होता है। आपके द्वारा शासकीय हाईस्कूल कुंजवन की बाउण्डरी बाल तथा शासकीय हाई स्कूल से हायर सेकेण्डरी विद्यालय के रूप में कुंजवन को उन्नयन करने के लिए भी आश्वासन प्रदान किया गया। जिस तरह जिला शिक्षा समिति अध्यक्ष ने शिक्षा को सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए प्रेरित किया छात्र-छात्राओ को वह निश्चित ही अनुकर्णीय था। वहीं आपकी उपस्थिति को लेकर सराहना व्यक्त की गई। कार्यक्रम में समस्त शैक्षणिक स्टाफ तथा सीएसी द्वय की उपस्थिति विशेषतौर पर रही।

## सीएम राइज स्कूल गुनौर में कक्षा 5 का परिणाम सौ प्रतिशत रहा

### प्रधान अध्यापक अशोक सिंह एवं कक्षा अध्यापक चंद्रप्रभा तिवारी को अभिभावकों ने दिया श्रेय

**गुनौर।** मुख्यालय में स्थित सीएम राइज स्कूल के प्राथमिक शाला में कक्षा पांच का परिणाम घोषित हुआ है जिसका परिणाम सौ प्रतिशत रहा। निश्चित तौर पर देखा गया है की स्कूली शिक्षा में सुधार हुआ है जहां स्कूल में स्वेता मिश्रा पिता रजनीश मिश्रा 400/349 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, नीलम सोनी पिता राम औरत सोनी 400/344 अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान, नीतिका सिंह पिता कुलदीप सिंह 400/335 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। सभी अभिभावक लोगों ने बच्चों के परिणाम का श्रेय कक्षा अध्यापिका चंद्रप्रभा तिवारी को दिया वहीं पूरे स्कूल का व्यवस्थित संचालन के लिए प्रधान अध्यापक अशोक सिंह को भी श्रेय देते हुए आभार व्यक्त कर शुभकामनाए दी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामनाएं। वही सरस्वती ज्ञान मन्दिर विद्यालय के छात्र जयदीप बुंदेला ने कक्षा 8 में अध्यनरत सभी विषय में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए 93.3 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले की प्रवीण सूची में अपना स्थान प्राप्त कर माता-पिता सहित विद्यालय का नाम रोशन किया है वही जयदीप की बहन अदिति राजे ने भी कक्षा 5 में 86 अंक प्राप्त कर मैरिट सूची में स्थान बनाया है इनके पिता जयपाल सिंह बुंदेला (शिक्षक) एवं माता दीप्ति राजे (गृहणी) सहित सहित साथियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**खबर संक्षेप**

## खनिज माफियाओं के विरुद्ध जिला प्रशासन छतरपुर ने एक बार फिर कार्यवाही की

**कलेक्टर ने 7 लोगों के विरुद्ध 198698 रुपए का अर्थदंड लगाया**

**छतरपुर।** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा जिले में अवैध रूप से खनिज भण्डारण और परिवहन पर लगातार कार्यवाहियां कर शिकंजा कसा जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा विगत गुरुवार को 7 अनावेदकों के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर कुल 1 लाख 98 हजार 698 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित कर सम्बन्धित को पेनाल्टी राशि जमा कराने के आदेश दिए गए है। जिसके अंतर्गत सभी अनावेदक के वाहन ट्रेक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के उप-नियम (1) के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया। उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा सम्बन्धित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशनन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का खनिज विभाग को निर्देश दिया है।

## कलेक्टर ने पुस्तक एवं गणवेश मेले की तिथि को बढ़ाकर 10 अप्रैल किया

**छतरपुर।** नवीन सत्र 2025-26 प्रारंभ होने के परिपेक्ष्य में एवं अभिभावकों से अशासकीय विद्यालयों द्वारा पुस्तकें, गणवेश व अन्य शैक्षिक सामग्री के अनुचित एवं अधिक कीमत वसूलने के संबंध में समय-समय पर प्राप्त शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में 5 अप्रैल तक लगाए जाने वाले पुस्तक मेले की तिथि को सुविधा के दृष्टिगत बढ़ाकर 10 अप्रैल 2025 तक कर दिया है। यह मेला जिला पंचायत प्रांगण (मेला ग्राउण्ड) में आयोजित किया जा रहा है।

## विश्वविद्यालय ने बैठक में कार्य परिषद को गुमराह करने का किया प्रयास

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय की 3 अप्रैल 25 की बैठक में 10 दिन बाद कुलपति शुभा तिवारी ने भाग लिया जिसमें विश्वविद्यालय ने सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया, ओबीसी आरक्षण के संबंध में बिन्दु क्रमांक 5 पर कार्यपरिषद सदस्यों से अनुमति प्राप्त करने का प्रयास किया जिससे न्यायालय में चल रहे प्रकरण की याचिका की अगली सुनवाई 8 अप्रैल के पूर्व अपना पक्ष रख सकें। परंतु कार्य परिषद के सदस्य नीतेश शर्मा ग्वालियर, राधे शुक्ला छतरपुर ने कुलसचिव से स्पष्ट कहा कि जब तक प्रकरण मप्र उच्च न्यायालय में विचारणीय है तब तक इस पर कोई पूर्व निर्णय नहीं लिया जा सकता।कुलसचिव ने अपने एजेण्डा क्रमांक 5 में ओबीसी आरक्षण 27 प्रतिशत एवं रोस्टर अनुसार 10 विषयों के कुल 40 पद विज्ञापित किए थे जिसमें ओबीसी के 10 पद हैं जिनमें 8 पद ओपन एवं 2 पद महिलाओं के लिए हैं तथा जिन विषयों में फार्म की छात्र संख्या 3 से कम आई है विश्वविद्यालय मीटिंग में पास करवाना चाहता था कि ऐसे विषयों में सामान्य श्रेणी के लोगों को सीधे साक्षात्कार में बुलाया जाए परंतु कार्यपरिषद ने कहा कि यह नियम विरूद्ध है सीधे साक्षात्कार नहीं बल्कि उनके पुनः विज्ञापन नियमानुसार आमंत्रित करना चाहिए। ज्ञात हो कि सहायक प्राध्यापकों ने मप्र उच्च न्यायालय में अपनी याचिका 7778/25 दायर की है जिसकी सुनवाई 8 अप्रैल को है इसलिए यह कार्यपरिषद सुनवाई के पूर्व संशोधन कराना चाह रहे थे जिसे कार्यपरिषद ने मना कर दिया।

# पुलिस ने गोली चलाने वाले आरोपी को 12 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

**लवकुशनगर।** थाना अंतर्गत चितहरी गाव में रात्रि में एक युवक पर गाव के व्यक्ति ने गोली चला दी थी जिसके बाद युवक को लवकुशनगर अस्पताल लाया गया। विवाद की सूचना प्राप्त हुई होने पर पुलिस आकस्मिक पुलिस सेवा डायल हंड्रेड मौके पर पहुंची। घायल पीड़ित व्यक्ति को चिकित्सीय सुविधा के साथ अस्पताल पहुंचाया गया। बताया गया को पीड़ित कृष्ण कुमार राजपूत की पाइपलाइन को लेकर विवाद हो गया था। घायल ने बताया कि संजू श्रीवास ने कट्टे से फायर किया था। गोली चलाकर घायल करने संबंधी रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की हत्या के प्रयास एवं आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संभावित स्थान आरोपी की तलाश कर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 12 घंटे के अंदर उक्त घटना के आरोपी संजू श्रीवास पिता दशरथ श्रीवास निवासी ग्राम चितहरी थाना लवकुश नगर को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया, अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त 315 बोर का देशी कट्टा जप्त किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया जा रहा है, विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्रवाई में एसडीओपी नवीन दुबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक परसराम डाबर, सउनि.जेपी बागरी, सउनि. सोहन सैयाम, आर. सूरज शर्मा, आर. विमल, आर. शैलेन्द्र गर्ग, आर. रमाकांत, आर. उमेश, आर. मानवेन्द्र, आर. पंकज, आर. इंद्रेश एवं डायल 100 टीम, साईवर से आर.धर्मराज की अहम भूमिका रही।



# एसडीएम ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**बड़ामलहरा।** नवागत एसडीएम आयुष जैन ने बीईओ एसएल प्रजापति के साथ शुक्रवार को कलेक्टर पार्थ जयसवाल के निर्देशानुसार बड़ामलहरा नगर में संचालित प्रायवेट स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल की मान्यता दस्तावेज, छात्रों के अभिभावकों से वसूली जाने वाली फीस, किताबो, गणवेश की क़ीमत, क्लास रूम में छात्रों की बैठने की क्षमता, पेयजल, खेल मैदान, लायब्रेरी, वाहन कंडीशन व शिक्षा के स्तर तथा शिक्षकों की डिग्री की गहनता से जांच की। इस दौरान उन्होंने शासकीय शिक्षकों द्वारा दी जा रही कोचिंग पर नकेल कसने की बात भी कही। पहले दिन के निरीक्षण में उन्होंने नगर के सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल, महावीर बाल संस्कार केंद्र, सेम इंडिया तथा ग्लोबल पाठशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रभारी तहसीलदार विशंभर सिंह के अलावा राजस्व व शिक्षा विभाग का अमला मौजूद रहा।

# थ्रेसर की चपेट में आए युवक का हाथ कटा



**छतरपुर।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बिगपुर में खेत पर थ्रेसर चला रहे एक व्यक्ति का हाथ चपेट में आ गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे जिला अस्पताल लाए जहां उसका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रंजीत यादव पिता मूरत सिंह 40 वर्ष निवासी बिगपुर थाना लवकुशनगर दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे खेत पर थ्रेसर चला रहे थे तभी उनका हाथ थ्रेसर के चपेट में आ गया जिससे उनका दाहिना हाथ कटकर अलग हो गया। आनन-फानन में रंजीत को निजी वाहन से जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

# बिजली के तार में हुई स्पार्किंग, खेत में खड़ी फसल में लगी आग

हरपालपुर

नगर में शुक्रवार की दोपहर करीबन 12 बजे के लगभग हरपालपुर से सटे सरसेड़ मौजा के बाईपास के समीप एक खेत में बिजली की स्पार्किंग के कारण आग लग गई जिसमें गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों व स्थानीय प्रशासन ने फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया है। किसान प्रेमनारायण यादव, भागवत नारायण यादव, ओम नारायण यादव, पुष्पा देवी निवासी ग्राम नाऊपारिया ने बताया कि खेत में गेंहू की फसल कटने के लिये खड़ी थी। बिजली के तार लटकने के कारण आपस में टकराने से स्पार्किंग हुई और खेत में खड़ी गेहूं की सूखी फसल आग की चपेट में आ गई। किसानों की लगभग डेढ़ बीघा फसल जलकर खाक हो गई है। वहीं समय रहते आग पर काबू पा लिया गया जिससे काफी हद तक फसल को सुरक्षित बचा लिया गया। किसानों ने बिजली विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए उनसे बिजली के तार ठीक करवाने की मांग की है ताकि भविष्य में कोई घटना न हो सके। वहीं फसल के हुए नुकसान को लेकर सरकार से मुआवजे की मांग की है। मौके पर पहुंचे पटवारी प्रदीप पाठक ने बताया कि किसानों की फसल का लगभग 1 बीघा से ज्यादा का नुकसान हुआ है पंचनामा बनाकर शासन को भेजा जाएगा ताकि पीड़ित किसानों को मुआवजा मिल सके।



# टेड़े-मेड़े पांव वाले बच्चों का हो रहा उपचार, मिल रही सामग्री

**छतरपुर।** जिला अस्पताल में हर सप्ताह शुक्रवार के दिन एक टीम दिव्यांग बच्चों के उपचार एवं उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। पिछले डेढ़ साल में करीब ढाई सौ बच्चों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जा चुका है। जन्मजात टेढ़े-मेड़े एवं अन्य प्रकार के दिव्यांग बच्चों को इलाज दिया जा रहा है।



समूची टीम शुक्रवार को एक ही स्थान पर बैठकर बच्चों का परीक्षण करती है और चिन्हित करती है कि उन्हें कौन सी सामग्री दी जानी है तथा उनका ऑपरेशन किस तरह से होगा। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. नेहा खरे ने बताया कि हर शुक्रवार वे स्वयं शिविर में बैठती हैं, उनके अलावा डॉ. रवि सोनी और शीला मेडम बच्चों की जांच करती हैं। क्योर इंडिया संस्था की ओर से निःशुल्क जूते बांटे जाते हैं। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों के ऑपरेशन होने हैं उन्हें आरबीएस योजना के तहत सहयोग दिया जाता है। डॉ. रवि सोनी ने बताया कि इस शुक्रवार 6 बच्चे आए हैं जो जन्मजात दिव्यांग हैं। इनमें से एक तीन साल का भी बच्चा है उन्हें इलाज दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कक्ष क्रमांक 14 में वे इलाज मुहैया कराते हैं। सिविल सर्जन के सहयोग से अस्पताल की अन्य सामग्री उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि उनके आसपास एवं संपर्क में रहने वाले दिव्यांग बच्चों को जिला अस्पताल पहुंचाएं ताकि उन्हें समय पर इलाज दिया जा सके और उनकी समस्या का निदान किया जा सके।

# लक्ष्मीपुरम कॉलोनी की सड़क बनाने वार्डवासियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** पर्यटन नगरी खजुराहो के वार्ड नं.13 में स्थित लक्ष्मीपुरम् कॉलोनी के लोगों ने क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटैरिया से मुलाकात कर उनके यहां होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। सड़क निर्माण न होने से आवागमन में बाधा आ रही है। विधायक से लोगों ने आग्रह किया है कि जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कार्य करवाने में सहयोग करें ताकि उनका यातायात सुगम हो सके।



वार्ड 13 लक्ष्मीपुरम्‌कॉलोनी के रहने वाले ओम द्विवेदी, उमेश हरदैनिया, प्रमोद पाठक, तुलसीदास सोनी, राममनोहर अवस्थी, महेन्द्र दुबे, कमलेश तिवारी, संदीप द्विवेदी, लोकेश अवस्थी सहित अन्य लोगों ने क्षेत्रीय विधायक को ज्ञापन देकर सड़क बनवाने की मांग की। विधायक अरविंद पटैरिया के निवास पर पहुंचकर ज्ञापन देते हुए लोगों ने कहा कि सड़क न होने से उन्हें तमाम मुसीबतों से जूझना पड़ रहा है। यदि सड़क दुरूस्त हो जाएगी तो उनका न केवल आवागमन सुलभ होगा बल्कि अन्य समस्याएं भी हल हो सकेंगी। विधायक ने लोगों को भरोसा दिया कि जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

# महंगे दाम पर कोर्स बेचने की भनक लगते ही प्रशासन पहुंचा स्कूलों तक

**विद्यालयों से कहा पुस्तक मेले में लगाएं किताबों का स्टॉल**

**छतरपुर।** इन दिनों निजी विद्यालयों द्वारा महंगे दाम पर कोर्स दिए जाने के खिलाफ प्रशासनिक मुहिम चल रही है। प्रशासन ने मेला ग्राउण्ड में पुस्तक मेले का आयोजन किया है लेकिन इस मेले में कई स्कूलों की किताबें सिर्फ गिनी-चुनी दुकानों में ही मिल रही हैं। महत्वपूर्ण यह भी है कि उन किताबों में अंकित मूल्य ही वसूला जा रहा है जबकि किताबों के प्रिंट रेट में निर्धारित कमीशन काटकर किताबें दी जाती हैं। पिछले दो दिनों से प्रशासन विद्यालयों में जाकर वहां से दी जाने वाली किताबों की जानकारी जुटा रहा है। प्रशासन ने सभी निजी स्कूल संचालकों को हिदायत दी है कि मनमाने दाम पर किताबें उपलब्ध कराने की स्थिति में कठोर कार्यवाही होगी। शुक्रवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देश पर एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार संदीप तिवारी ने जिला मुख्यालय में स्थित बड़े-बड़े स्कूलों में जाकर कोर्स दिए जाने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने एडीफाई, शीलिंग स्कूल, क्रिश्चियन स्कूल, डीपीएस स्कूल में जाकर देखा कि विद्यालय से कोर्स दिए जाने की क्या व्यवस्था है। एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि निजी स्कूलों की किताबें 15 प्रतिशत छूट दिए जाने तथा पुस्तक मेले में विद्यालय का स्टॉल लगाए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके बाद भी यदि कोई निजी विद्यालय संचालक मनमानी करता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।



# निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को जख्म दे रहे ठेकेदार और कर्मचारी

**मजदूरों ने पुलिस को सुनाई व्यथा, पुलिस ने कहा करेंगे कार्वाही**

**हरपालपुर।** नगर का बाईपास निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार कर्मचारियों पर आरोप लग रहे हैं कि वे मजदूरों के साथ जुल्म ढा रहे हैं। मजदूरों ने अपने साथ घटित हुई घटना के बारे में पुलिस को बताया लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्यवाही नहीं की।

जानकारी के मुताबिक नगर का यातायात सुलभ बनाने के लिए बाईपास मार्ग का निर्माण चल रहा है। सरसेड़ रोड पर चल रहे निर्माण कार्य में ज्यादातर मजदूर बिहार के लगे हैं। गुरूवार को एक मजदूर ने हरपालपुर थाने में शिकायत दी कि सन्‍ इंफ्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी के असिसटेंट मैनेजर योगेश श्रीवास्तव ने आकर न केवल गाली-गलौच की बल्कि मारपीट कर दी। मजदूर अंकित कुमार पिता धीरज सिंह ने बताया कि वह ड्यूटी पर था 3 अप्रैल को रात्रि करीब 9 बजे ड्यूटी के बाद कंपनी के निवास पर पहुंचा तभी असिसटेंट मैनेजर योगेश श्रीवास्तव ने फोन पर एक रिसीव मांगी, मजदूर ने कहा कि कपड़े बदलकर वह तुरंत आ रहा है मगर श्री श्रीवास्तव कुछ भी वक्त देना नहीं चाहते थे वे तुरंत उसके निवास पर आए और उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाने में शिकायत दी है। पूर्व में भी मजदूरों के साथ मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं।

**इनका कहना-**

फरियादी रात में आया था उसके बाद अपनी शिकायत दर्ज करा कर चला गया जांच कर उचित कार्यवाही करूंगा।

**नगर निरीक्षक , पुष्पक शर्मा**

# ग्राम सभा का आयोजन कर ग्रामवासियों की समस्याओं एवं शंकाओं का निराकरण करें: कलेक्टर

**कलेक्टर ने केन बेतवा प्रोजेक्ट की खुली भूमि को कब्जा मुक्त कराने के दिए निर्देश**

**कलेक्टर की अध्यक्षता में केन बेतवा की कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक सम्पन्न**

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को केन बेतवा लिंक (राष्ट्रीय) परियोजना के कॉर्डिनेशन कमेंटी की बैठक नगर परिषद खजुराहो के सभा कक्ष में आयोजित की गई। इस परियोजना से कुल 14 प्रभावित ग्रामों के भूमि धारकों को मुआवजा राशि, भूमि अधिग्रहण व वन भूमि के बदले शासकीय भूमि हस्तांतरण में लंबित समस्याओं के निराकरण एवं आने वाली समस्याओं के संबंध में समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में पन्ना टाइगर रिजर्व क्षेत्र संचालक अंजना तिर्की, डिप्टी कलेक्टर जीएस पटेल, एसडीएम बिजावर विजय द्विवेदी, एसडीएम राजनगर प्रशांत अग्रवाल, निर्माण एजेंसी एनसीसी (नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी) के अधिकारी, सहित केन बेतवा लिंक परियोजना के अधिकारी, डब्ल्यूआरडी एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने केन बेतवा लिंक परियोजना के प्रभावित ग्रामों, अधिग्रहित भूमि की राशि, भुगतान शेष रहने की स्थिति, आबादी भूमि के अवार्ड, पुनर्वास एवं पुनव्र्यवस्थापन के तहत विशेष पैकेज एवं पन्ना टाइगर रिजर्व को प्रस्तावित भूमि एवं भुगतान हेतु आने वाली समस्याओं आदि बिन्दुओं की समीक्षा की।

बैठक में बिजावर एसडीएम ने बताया कि केन बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित 14 ग्रामों में 9 डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम पलकौंहा, सुकवाहा, खरयानी, ढोढन, कुपी, शहपुरा, भोरखुवा, बसुधा, घुघरी हैं। साथ ही 14 ग्रामों में अवार्ड हो गया है साथ ही जिन प्रकरणों में भुगतान शेष है उनमें न्यायालयीन प्रकरण, पुत्रियां एवं ग्राम से बाहर कार्य करने गए खातेदार, सहखातेदार के मध्य आपसी हिस्से को लेकर विवाद आदि के संबंध में कलेक्टर श्री जैसवाल ने भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए एसडीएम बिजावर को निर्देशित किया। उन्होंने कहा अनुभाग एवं जिला स्तर से कोई भू-अर्जन एवं मुआवजे संबंधित प्रकरण लंबित न रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने आबादी भूमि के अवार्ड में कुल एकत्र खातों में लगभग 5 करोड़ के भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए और ग्रामों का पुनः मुल्यांकन एवं विशेषरूप से ढोढन गांव का मूल्यांकन जल्द कराने और शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने पुनर्वासन एवं पुनव्र्यवस्थापन के तहत विशेष पैकेज की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां जहां पर समस्याएं एवं शंका की स्थिति है वहां एसडीएम एवं डब्ल्यूआरडी की टीम भेजकर ग्रामसभा का आयोजन कर लोगों को जरूरी समझाईस देते हुए स्वयं सहमति से पुर्नवास के संबंध में प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही पन्ना टाईगर रिजर्व को हस्तांतरित रकवा द्वारा कब्जा प्राप्ति स्वीकृति का रकवे वाले ग्राम जिसमें घुघरी, विनेका वीरान, बिला, सुरई, रायचौर, डुगरिया, कदवारा, ककरा, पठापुर एवं नैगुवा के अतिक्रमण से मुक्त कराकर संबंधित स्थानों के एसडीएम को कब्जा दिलवाने के निर्देश दिए और मुनारे बनाकर मार्किंग करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि केन बेतवा प्रोजेक्ट की एक-एक गांव की खुली भूमि को कब्जा मुक्त कराएं।

# आनंदम प्रशिक्षण से लिया निर्णय अब अपने आप को खत्म नहीं करूंगा

**पुलिस विभाग के लिए अल्पविराम का तीसरा शिविर संपन्न**

छतरपुर



राज्य आनंद संस्थान के सीईओ आशीष कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक अगम जैन के आग्रह पर आयोजित तीसरे शिविर के समापन पर प्रतिभागियों ने दिल की बात खुलकर सबके सामने रखी,एसडीओपी अमित मेश्राम ने कहा कि पुलिसकर्मियों ने अपने मौलिक सच को बाहर निकाला है यही प्रशिक्षण की सार्थकता है अन्यथा ऐसा शायद ही कभी होता है, उन्होंने कहा कि शिक्षा से संसार को जाना जा सकता है पर खुद को जानने के लिए अल्पविराम जैसे आध्यात्मिक कार्यक्रम उपयोगी है,संसार में देखा जाए तो हमारा अस्तित्व रेगिस्तान में रेत के दाने जैसा है, ध्यान रखें हमारी बुराइयां हमारे बच्चों में न ट्रांसफर हों, इस अवसर पर राज्य आनंद संस्थान की ओर से लखन लाल असाटी, श्रीमती आशा असाटी, शिवनारायण पटेल एवं अजीत महतो प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे।

शुक्रवार को 3 घंटे का पावर ऑफ साइलेंस लेने के बाद आत्म साक्षात्कार साझा करते हुए प्रतिभागियों ने कहा कि जीवन में पहली बार इस तरह की सार्थक शिक्षा मिली है उनके जीवन में चोरी, झूठ,भ्रष्टाचार सब कुछ है, फरियादी तक को धमकाते हैं, पहले से पूर्व धारणा रखकर काम करते हैं, क्रॉस वेरिफिकेशन तक नहीं करते हैं, स्वार्थी रिश्ते अपवित्र कर्म और बदले की भावना है, वैध अवैध दोनों काम के लिए पैसे लेते हैं, परिवार से कठोरता पूर्वक व्यवहार करते हैं,प्रतिभागियों ने कहा कि मौन की शक्ति के लिए दिए गए प्रश्नों में उन्होंने खुद को ढूंढा है,जो साधु संत हमसे नहीं करा पाए वह अल्पविराम ने कर दिया पहली बार खुद से बात की अपने अंदर क्रोध नफरत आप पवित्र कर्म बहुत कुछ गलत देख पाए, बहुतों को दुख दिया है अंतरात्मा कह रही थी कब सुधरोगे।

**एसडीओपी साहब एसपी सर को थैंक यू बोलना**

प्रधान आरक्षक रज्जन पांडे ने कहा कि वह गदगद है कि एसपी सर ने हमारे बारे में इतना सोचा,उन्हें एसडीओपी साहब थैंक यू जरुर कहना, अब तक के जीवन तथा नौकरी में आने के बाद का अभूतपूर्व कार्यक्रम है यह, सुना था शादी के बाद जिंदगी बदल जाती है पर आज लगा अल्पविराम से जिंदगी बदल गई है, किफायत खान ने कहा कि जिंदगी किस कदर बिताना है आज हमने अल्पविराम से ये जाना है, एक प्रतिभागी ने कहा कि अत्यधिक क्रोध के कारण किसी से दोस्ती नहीं है मैं बहुत एकाकी रहता हूं, परिवार से मित्रों से बात नहीं करता हूं, एक मिनट के लिए भी मोबाइल हाथ से नहीं छूटने के बावजूद कई कई महीने परिवार को फोन नहीं लगाता हूं,जीना भी नहीं चाहता, कभी किसी को अपने बारे में कुछ नहीं बताता,पर 3 दिन बहुत कुछ सुना और समझा है इसीलिए जो अब तक किसी से नहीं कहा वह आज सबके सामने कह रहा हूं, अब खुद को ठीक रखूंगा, और यह भी निर्णय लिया है कि अपने आप को खत्म नहीं करूंगा।

## खबर संक्षेप

### जल गंगा संवर्धन अभियान में अधूरे जल संरक्षण के कार्य पूरे करें अभियान में मनरेगा से जल संरक्षण के 1378 कार्य होंगे पूर्ण

**रीवा ।** जिले भर में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मनरेगा योजना से जल संरक्षण और संवर्धन के लिए पूर्व से स्वीकृत अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा कराया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक विकासखण्ड में अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा कराने की कार्ययोजना बना ली गई है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मनरेगा से स्वीकृत 1378 जल संरक्षण के कार्यों को पूरा कराया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि मनरेगा से कराए जा रहे जल संरक्षण के कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान की अवधि में अनिवार्य रूप से पूरे कराकर फोटोग्राफ सहित आवेदन प्रस्तुत करें। इसका विवरण नरेगा पोर्टल तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के पोर्टल पर भी अनिवार्य रूप से दर्ज करें। निर्माण कार्यों की प्रगति की हर सप्ताह रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा तथा सभी सहायक यंत्री निर्माण कार्यों की सतत निगरानी करें।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय शिविर का हुआ समापन

**रीवा ।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आज उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस शिविर का आयोजन पेंटियम पॉइंट टेक्निकल कॉलेज करहिया द्वारा गोद ग्राम हरदी में किया गया था, जिसमें स्वयंसेवकों ने विविध सामाजिक गतिविधियों में भाग लेकर समाज सेवा का संदेश दिया।शिविर के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों जैसे स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति रैली, योग प्रशिक्षण, और ग्रामवासियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।मुख्य अतिथि के रूप मेंअवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के कुलगुरु डॉ. राजेंद्र कुमार कोड़रिया,अध्यक्षता अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुरेंद्र सिंह परिहार,विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बी एन त्रिपाठी,डॉ.सी एम तिवारी सहायक प्राध्यापक भौतिकी विभाग,डॉ अनुराग मिश्रा सहायक प्राध्यापक हिंदी विभाग अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, एसके त्रिपाठी शैक्षणिक संचालक, डॉ. सीमा शुक्ला प्राचार्या पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज,डॉ.मोना तिवारी प्राचार्या पेंटियम प्वाइंट कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट मुख्य रूप से उपस्थित रही।समापन समारोह में मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ¤राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। इस तरह के शिविर युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्रीय चेतना को विकसित करते हैं।¤कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अध्यक्ष ने कहा कि युवा राष्ट्र का भविष्य है। उनमें राष्ट्र की दशा एवं दिशा बदलने की अद्भूत क्षमता होती है।इस शिविर के माध्यम से आप लोगों ने जो शिक्षा और सेवा प्रदान करने की प्रेरणा ली है,उन्हें अपने जीवन भर न भूले और उनका सदुपयोग करें। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे कुलसचिव ने कहा कि युवा राष्ट्र का भविष्य है। उनमें राष्ट्र की दशा एवं दिशा बदलने की अद्भूत क्षमता होती है।शिविर के माध्यम से आप लोगों ने जो शिक्षा और सेवा प्रदान करने की प्रेरणा ली है,उन्हें अपने जीवन भर न भूले और उनका सदुपयोग करें।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक ने कार्यक्रम के सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया और उन्हें भविष्य में भी समाज सेवा के लिए प्रेरित रहने का संदेश दिया।

## पुस्तक एवं गणवेश मेला का कलेक्टर ने किया शुभारंभ,एक ही स्थान पर विद्यालयों की पुस्तकें व गणवेश रियायती दर पर उपलब्ध



**रीवा ।** दो दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। मानस भवन में आयोजित मेले में विभिन्न विद्यालयों की पुस्तकें एवं गणवेश रियायती दर पर उपलब्ध रहेंगे। पुस्तक मेले के शुभारंभ के उपरांत कलेक्टर ने पुस्तक व ड्रेस विक्रेताओं से चर्चा की तथा निर्देश दिये कि निर्देशानुसार विद्यालयों की सभी पुस्तकें उपलब्ध करायें जिससे अभिभावक को पुनः किताब खरीदने न आना पड़े। उन्होंने अभिभावकों व विद्यार्थियों से भी संवाद किया। विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों ने कलेक्टर को इस पहल के लिये धन्यवाद दिया तथा कहा कि हमें अपने विद्यालय की किताबें व ड्रेस एक ही जगह मिल रही हैं और उनमें छूट भी दी जा रही है। उन्होंने कुछ किताबें न होने की बात कलेक्टर को बताई। कलेक्टर ने तत्काल व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। पुस्तक मेला के भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने विक्रेताओं के स्टाल का निरीक्षण किया तथा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार पुस्तक व ड्रेस विक्रय किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक स्टाल में विभागीय एक व्यक्ति की परिचय पत्र के साथ ड्ूटी लगायें तथा इस बात को सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों व अभिभावकों को वांछित पुस्तकें मिलें और उन्हें भटकना न पड़े। कलेक्टर ने भीड़ को नियंत्रित कर व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने तथा पीने के पानी व छाया की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता, प्राचार्य वरूणेन्द्र सिंह, सहायक संचालक राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दुकान से ढाई लाख की चोरी, समान थाना क्षेत्र के रतहरा की घटना

**रीवा।** शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरों ने बुधवार की रात चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है,बता दे चोरों की गैंग लग्जरी कार सहित तीन अलग-अलग वाहनों में सवार पहुंचे और इलेक्ट्रॉनिक दुकान में धावा बोल दिया। चोरों ने दो दुकानों का ताला तोडकर चोरी की ना सिर्फ वारदात को अंजाम दिया बल्कि सबूत मिटाने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी निकाल कर भाग खड़े हुए। वहीं घटना के दौरान स्थानीय लोगों के द्वारा शोर शराबा मचाने पर बदमाश अपनी कार छोड़ गए जिसे फिलहाल पुलिस ने जप्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि इलेक्ट्रॉनिक दुकान में चोरी करने वाले बदमाश कार सहित बोलेरो और पिकअप वाहन में सवार होकर पहुंचे थे। मिली जानकारी अनुसार बीती रात शहर के रतहरा रिंग रोड में स्थित स्वास्तिक इलेक्ट्रॉनिक दुकान और गोदाम की घटना है, वही पूरे मामले दुकान संचालक पंकज पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने उसकी इलेक्ट्रॉनिक दुकान और गोदाम में ताला तोडक़र चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोर एक लग्जरी कार सहित बोलेरो और पिकअप वाहन में सवार होकर पहुंचे थे, जिन्होंने वारदात को अंजाम देने से पहले दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को निकाल दिया। जिसके बाद कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर जाने लगे। तभी स्थानीय लोगों को इसकी भनक लगी और उन्होंने शोर शराब मचाया, जिस पर चोर अपनी कार छोडक़र मौके से ही भाग खड़े हुए। वही चोरों की कार घटना स्थल से कुछ ही दूर खड़ी मिली है, जबकि दो अन्य वाहनों में सवार बदमाश सामान लेकर भागने में कामयाब रहे। फिलहाल देर रात हुई इस घटना के बाद गुरुवार की सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के समीप खड़ी चोरों की कार को जप्त कर लिया है। पीड़ित की माने तो पकड़ी गई किया कार यूपी नंबर की है, जबकि दो अन्य वाहन एमपी के ही बताए गए हैं। फिलहाल पीड़ित की दुकान से तकरीबन दो से ढाई लाख का माल चोरी कर रफूचक्कर हो गए है, जिसकी शिकायत दुकानदार द्वारा समान थाने में दर्ज कराई गई, और पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।बॉक्स दुकान के सामने खड़ी ट्रैक्टर ट्राली को ऑटो में फंसा कर ले गए चोरचोरों ने बीती रात एक और चोरी की वारदात को अंजाम दिया है, बता दे की



चोरों ने दुकान के सामने खड़ी ट्रैक्टर की ट्राली को हो पार कर दिए ,चोर ट्रैक्टर ट्राली को ऑटो में फंसा कर अपने साथ ले गए जिसकी जानकारी पीड़ित को गुरुवार की सुबह हुई। मिली जानकारी अनुसार बीती रात शहर के समान थाना क्षेत्र स्थित रतहरा रिंग रोड में हुई, जहां किराने की दुकान के सामने खड़ी ट्रैक्टर ट्राली को अज्ञात चोरों ने पर कर दिया है। घटना के संबंध में वार्ड क्रमांक 15 रतहरा निवासी रोहिणी उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि वह रिंग रोड में किराने की दुकान संचालित करते हैंए जहां रोजाना की तरह उन्होंने अपनी ट्रैक्टर ट्राली को दुकान के सामने खड़ा किया था और आज सुबह जब वह दुकान पहुंचे तो ट्रैक्टर ट्राली गायब मिली। पीड़ित ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखने पर पता चला कि अज्ञात चोरों द्वारा ऑटो में फंसा कर ट्रैक्टर ट्राली को अपने साथ ले जाया गया है। फिलहाल बीती रात हुई चोरी की घटना की शिकायत पीड़ित की ओर से सामान थाने में दर्ज कराई गई हैए जिसके बाद पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की पता तलाश करने में जुटी हुई है।

# रिचार्ज कूपों से होता है भूमिगत जल का संवर्धन

**रीवा ।** पानी धरती पर जीव-जंतुओं और वनस्पितियों के जीवन का आधार है। पृथ्वी के लगभग 70 प्रतिशत भाग पर पानी है। यह पानी महासागरों में संचित होकर वर्षा का आधार बनता है। शेष लगभग 30 प्रतिशत पानी पृथ्वी की सतह पर नदियों, बांधों, तालाबों, हिमनद व ग्लेश्यिरों तथा पृथ्वी के अंदर भूमिगत जल के रूप में संचित है। मानव के दैनिक उपयोग और पेयजल के लिए भू जल का बहुत अधिक उपयोग किया जा रहा है। ट्यूबवेल के माध्यम से सिंचाई के लिए भी भूमिगत जल का भारी मात्रा में उपयोग हो रहा है। पृथ्वी पर हरियाली और वृक्ष घटने तथा लगातार बढ़ रहे पक्के निर्माण कार्यों के कारण धरती में पर्याप्त मात्रा में वर्षा जल का भण्डारण नहीं हो पा रहा है। वर्षा का पानी धरती के अंदर कम मात्रा में जाता है। इसकी अधिकतर मात्रा नदियों के माध्यम से बहकर पुनः महासागरों में मिल जाता है। भूमिगत जल का संवर्धन करने के लिए रिचार्ज कूप बहुत उपयोग उपाय है। इसके माध्यम से बरसात के बहते हुए पानी को रिचार्ज पिट के माध्यम से फिल्टर करके कुएं में भेजा जाता है। कुएं के माध्यम से धरती के आंतरिक जल स्त्रोतों में पहुंचकर साफ पानी भण्डारित होता है। रिचार्ज कूप बनाने के लिए ऐसे कुओं का चयन करें जिनमें वर्षा के बाद दिसम्बर-जनवरी महीने तक पानी रहता है। कुएं से तीन से छः मीटर की दूरी पर ऐसे स्थान पर रिचार्ज पिट बनाएं जहाँ वर्षा का पानी पर्याप्त मात्रा में संचित होता है। रिचार्ज पिट में नीचे से 50 से.मी. की ऊंचाई पर पाइप लगाकर इसे कुएं से जोड़ दें। रिचार्ज पिट की गहराई तीन मीटर रखें। इसमें सबसे नीचे की परत में 150 एमएम की गिट्टी बिछाएं। इसके बाद इसमें 63 एमएम से 100 एमएम साइज के पत्थरों की परत बिछाएं। इसके बाद आधा मीटर की मोटाई में पुनः 100 से 150 एमएम की गिट्टी बिछाएं। ऊपरी परत को समय-समय पर साफ करना आवश्यक है जिससे कुएं में साफ पानी जाए। रिचार्ज में जितना अधिक पानी वर्षाकाल में जाएगा उतना ही जल संचय बढ़ेगा। हर कुएं में रिचार्ज पिट बनाकर इन्हें 12 मासी बनाया जा सकता है। सामान्य तौर पर लगभग 25 हजार रुपए में रिचार्ज पिट का निर्माण हो जाता है। यदि कुएं का स्वामी स्वयं मजदूरी करता है तो केवल 10 हजार रुपए की लागत में ही इसका निर्माण किया जा सकता है।




# फर्जी वन अधिकारी बनकर फर्नीचर दुकान में हुई ठगी समान थाना क्षेत्र अंतर्गत रतहरा रिंग रोड की घटना



**रीवा।** शहर में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा फर्जी वन अधिकारी बनकर एक फर्नीचर दुकान से पैसे वसूलने का मामला सामने आया है।आरोपी ने रीवा शहर के रतहरा रिंग रोड पर स्थित आरके फर्नीचर दुकान के मालिक से खुद को वन विभाग का अधिकारी बताकर दस्तावेज़ बनाने के नाम पर 5300 रुपये की राशि वसूली और फिर गायब हो गया,घटना के बारे में पीड़ित दुकान मालिक राजकरण विश्वकर्मा ने बताया कि एक दिन एक व्यक्ति उनकी दुकान पर आया और उसने खुद को वन विभाग का अधिकारी बताते हुए दुकान के लाइसेंस के लिए दस्तावेज़ की जांच की। उसने दस्तावेज़ तैयार करने के लिए 5300 रुपये की राशि ली और कहा कि वह जल्द ही दस्तावेज़ भेज देगा। लेकिन कई दिन तक दस्तावेज़ नहीं मिलने पर पीड़ित ने आरोपी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन फोन पर कोई जवाब नहीं मिला। पीड़ित ने जब वन विभाग में जाकर संबंधित अधिकारी के बारे में जानकारी प्राप्त की, तो यह सामने आया कि जिस व्यक्ति ने खुद को वन अधिकारी बताया था, उसका नाम विभाग में कोई रिकॉर्ड नहीं था। इसके बाद पीड़ित को समझ में आया कि वह ठगी का शिकार हो गया है। जिसके बाद पीड़ित ने समान थाना पहुंचकर मामला दर्ज कराया है, जिसके बाद पुलिस अब पूरे घटना की जांच कर रही है, और सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## 10 करोड़ से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा, विभागीय अधिकारियों को कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के दिये निर्देश

रीवा



कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में 10 करोड़ रूपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करायें।
कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने सिंचाई विभाग की नहरों के कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराने तथा भवन निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि टीआरएस कालेज में निर्माणाधीन भवनों की प्रगति धीमी है शीघ्रता से कार्य हो तथा स्वास्थ्य विभाग के केन्द्रों एवं छात्रावास भवनों के निर्माण कार्यों को संबंधित विभाग गति दें। जिले में 10 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से विभिन्न विभागों के 57 कार्य स्वीकृत है। कलेक्टर ने विभागवार एवं कार्यवार समीक्षा करते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग अन्तर्गत मेडिकल कैंपस में निर्माणाधीन डॉक्टर्स क्वार्टर्स के कार्य में धीमी प्रगति पर निर्माण एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने गुढ़ औद्योगिक क्षेत्र में जून से पूर्व पाइप लाइन द्वारा जल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। विद्युत मंडल के आरडीएस योजना के तहत कार्यों तथा हाउसिंग बोर्ड द्वारा पुर्नघन्त्वीकरण योजना से कराये जा रहे कार्यों की कलेक्टर ने बैठक में समीक्षा की। उन्होंने मेडिकल कालेज में निर्माणाधीन अकादमिक भवन को मेडिकल कालेज को शीघ्र हस्तांतरित करने के निर्देश पीआईयू को दिये। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित विभागीय अधिकारियों को नोटिस जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, डीन मेडिकल कालेज डॉ. सुनील अग्रवाल एवं अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आरपी सिंह तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### ड्रिंक एण्ड ड्राइव सहित चेकिंग अभियान में ट्रैफिक पुलिस ने वसूला 1 लाख 40 हजार का राजस्व



**रीवा।** जिले के यातायात पुलिस की शहर के अंदर लगातार कार्यवाही जारी है। पुलिस मुख्यालय से मिले विशेष अभियान आदेश के बाद पुलिस न सिर्फ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही कर रही बल्कि ड्रिंक एण्ड ड्राइव मामले में भी कार्यवाही की जा रही है। यातायात थाना प्रभारी अनीमा शर्मा एवं सुबेदार अखिलेश कुशवाहा के द्वारा टीम के साथ बुधवार की रात एवं गुरूवार के दिन अलग अलग कार्यवाही करते हुये लाखों का राजस्व वसूला है। यातायात पुलिस ने बीती रात शहर के अंदर नो इंट्री में घुसे भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही की है। चेकिंग दौरान उक्त वाहन चालक शराब के नशे में पाये गये। कार्यवाही में ट्रक चालक गोपाल पाटिल पिता अम्बा पाटिल उम्र 52 वर्ष निवासी जलगांव महाराष्ट्र नो एंट्री में प्रवेश कर गया, शराब की बदबू आने पर ब्रीथ एनलाइजर से मेडिकल कराया गया तथा प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा नो एंट्री एवं ड्रिंक एंड ड्राइव का 30500 का जुर्माना किया गया है साथ ही लाइसेंस निलंबन के लिए भेजे जाएगे। इसके अलावा सौरभ पिता बीरेन्द्र कुमार गौतम उम्र 24 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 10 हजार का जुर्माना, रोहित पिता भगवानदास उम्र 27 वर्ष निवासी सरौली मझगवां जबलपुर से 10 हजार 500 एवं प्रभुलाल पिता गंगाराम उम्म्र 45 वर्ष निवासी प्रयागराज से 10 हजार 500 का जुर्माना वसूला गया है। कुल राशि 62 हजार रूपये तीनों वाहन चालकों के विरुद्ध जुर्माना किया गया।

### पुताई वाला बनाकर करते थे घरों की रेकी, फिर देते थे चोरी की वारदात को अंजाम तीन गिरफ्तार, कीमती जेवर नगदी, मोबाइल सहित चोरी का सामान बरामद

रीवा



रीवा पुलिस ने एक ऐसे चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो पहले पोताई का काम के दौरान घरों की रेकी करते थे और बाद मे चोरी की वारदात को अंजाम देते थे, बता दे कि सामन थाना क्षेत्र के रामनिरंजन नगर में 29 मार्च को कुलदीप सिंह के आवास पर चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था, जिसकी शिकायत मिलने के पुलिस मामले की जांच कर रही थी, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल के जांच करने पहुंची थी, उसी दौरान पुलिस को पता चला कि अभी हाल में ही घर में पुताई का काम हुआ है, जिसके बाद संदेह के आधार पर पुलिस ने आरोपी दशरथ उर्फ लम्बू कुशवाहा से पूछताछ की तभी मामले का खुलासा हो गया, पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसके साथी राजू उर्फ सुरेश कुशवाहा, सहित गंगा रावत सभी निवासी नई बस्ती सतना को गिरफ्तार किया है, वही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 लाख 50 हजार का मासरुका बरामद किया है। साथ ही पुलिस नगरी सहित सोने चांदी के जेवरात बैटरी मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

# मऊगंज जिले के बहुचर्चित गड़रा गांव में घर के अंदर तीन शव मिलने से मचा हड़कंप



मौके पर पहुंचे एसपी कलेक्टर

**मऊगंज।** जिले शाहपुर थाने के अंतर्गत बहुचर्चित गड़रा गांव एक बार फिर सुर्खियों में आ गया।घर के अंदर फंदे मे लटकते तीन शव मिलने बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद एसपी कलेक्टर मौके पर पहुंचे और रीवा से भारी पुलिस बल बुलाया गया है। वहीं घटना की जानकारी लगने पर मऊगंज के पूर्व कांग्रेस विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना भी घटनास्थल पहुंचे हैं। रीवा से एफएसएल टीम भी बुलाई गई है। बता दें कि 15 मार्च को गड़रा गाव में बवाल हुआ था जिसमें से एक युवक सनी द्विवेदी की आदिवासियों ने पीट-पीट कर हत्या कर दी थी वहीं ASI रामचरण गौतम के ऊपर भी हमला हुआ था जिसमें वे शहीद हो गए थे। जबकि 15 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए थे तब से वहां धारा 163 लागू है। और पुलिस कैंप लगाकर गांव की सुरक्षा में तैनात है इसी बीच पुलिस के ऊपर फिर कलंक लग गया आज 4 अप्रैल की सुबह 8:00 बजे औसेरी साकेत के घर के अंदर से बदबू आ रही थी आस-पड़ोस के लोगों ने जब खिड़कियों से झांका तो वहां तीन लोगों का शव झूलता दिखाई दिया।जिसकी सूचना पुलिस को दी गई घटना की जानकारी लगते ही प्रशासनिक अधिकारियों में भी हड़कंप मच गया। मऊगंज सहित रीवा से भी भारी पुलिस बल बुलाया गया है जिस घर में शव मिला है वह औसेरी साकेत का घर है। औसेरी साकेत की पत्नी सात वर्ष पूर्व औसेरी साकेत को छोड़कर अन्यत्र स्थान चली गई है औसेरी अपनी 11 वर्षी बेटी मीनाक्षी साकेत एवं 8 वर्षीय पुत्र अमन साकेत के साथ घर में रहता था। घर का अंदर से दरवाजा बंद है।प्रशासन शव को फोरेंसिक जांच के लिए रीवा मेडिकल कॉलेज भिजवाई है

## नईगढ़ी जनपद पंचायत का बहुप्रतीक्षित हुआ सीमांकन

# तहसीलदार नईगढ़ी और जनपद सीईओ नईगढ़ी की मौजूदगी में हुआ संपन्न

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी जनपद की जमीन अतिक्रमण के घेरे में थी जिसमे जनपद के कर्मचारियों तक को रहने के लिए आवास बनाने की जमीन नहीं बची थी वहीं दूसरी ओर जनपद की जमीन पर अवैध रूप से दुकानें संचालित करके लोग कमाई कर रहे हैं और जनपद के पास बिजली के बिल देने तक का नहीं है जनपद सीईओ द्वारा तहसीलदार नईगढ़ी को नईगढ़ी जनपद पंचायत की जमीन 239, 235 और 232 के सीमांकन के लिए आवेदन दिया गया था नवागत कलेक्टर श्री संजय जैन द्वारा राजस्व के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जितनी भी शासकीय जमीन है वो राजस्व के कालम नंबर 12 में दर्ज हो जाए और उसके सुखद परिणाम आने शुरू हो गए इसीलिए कहते है जैसा प्रशासन होगा और उसके सुखद परिणाम नए कलेक्टर आते ही नईगढ़ी जनपद को दिया है और आज उनके निर्देश पर तहसीलदार और जनपद सीईओ की उपस्थिति में नईगढ़ी जनपद का सीमांकन हुआ अब एक बड़ा सबाल है आखिर ऐसा क्या कारण था कि नईगढ़ी जनपद की जमीन के सीमांकन में वर्षों लग गए आखिर ऐसा क्या कारण था कोई ऐसा बड़ा राजनीतिक दबाव था जिसके कारण नईगढ़ी जनपद का सीमांकन नहीं हो रहा था इस संबंध में हमारे संवाददाता ने जानकारी देते हुए बताया है कि जनपद का सीमांकन हो जाने के बाद जहां जनपद के कर्मचारियों के आवास की व्यवस्था हो पाएगी वही कमर्शियल मेंन रोड के दोनों तरफ जनपद की जमीन होने से कमर्शियल दुकाने बनेगी जिससे भविष्य में नईगढ़ी जनपद एक आत्मनिर्भर जनपद होगा और उन दुकानों से आए आने वाली आय से जनपद स्वयं आत्म निर्भर होकर अपने कर्मचारियों के लिए और क्षेत्र के विकास में विकास में भी राशि खर्च कर सकेगा और दूसरा एक सवाल अभी और भविष्य के गर्त में है क्या जो जमीन सीमांकित हुई है जो जमीन अतिक्रमण में है क्या वह जनपद के अधीन हो पाएगी अब देखना होगा इस संबंध में आज जब नईगढ़ी जनपद अध्यक्ष से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि सबसे पहले तो मऊगंज के नवागत कलेक्टर साहब का धन्यवाद देती हूं तहसीलदार साहब का और इस कार्य में सहयोग करने के लिए जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी मै धन्यवाद देती हूं कि जो निरंतर विकास कार्यों में सहयोग दे रही है और आज जनपद की जमीन थी जनपद क्षेत्र की 76 पंचायतो की जनता की जमीन है और उसकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य धर्म और दायित्व है उसका निर्वहन करना हमारा एक मेंन संकल्प था आज जमीन सीमांकन होकर चिन्हित हो गई है वह शीघ्र ही अतिक्रमण मुक्त होगी जो रोड के किनारे दुकानें बनी है वो जनपद की है और अब वो जनपद के अधीन होगी और उससे आने वाली है आय से हमारा जनपद स्वाबलंबी होगा आज हम बिजली का बिल हो स्टेशनरी हो प्रिंटर हो या अन्य कोई खर्च हो राज्य सरकार से आने वाले पैसे पर निर्भर है जनपद के पास एक रुपए का अपना कोई आय नहीं है न आय का कोई स्त्रोत है तो ये जनपद के लिए बडी उपलब्धि है इसमें हमारे जनपद क्षेत्र के निर्वाचित जनपद सदस्य है जनपद के समितियों के जो सभापति है उनका भी बहुत बड़ा सहयोग रहा है और आम जनता का जो आशीर्वाद और सहयोग रहा है उसके वजह से और उनके सहयोग से जल्द ही अतिक्रमण मुक्त करा के कमर्शियल दुकानों का निर्माण करेंगे इस संबंध में माननीय पंचायत मंत्री जी का भी आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिलता रहा है और उन्होंने जैसा कहा है जो जनपद की जमीन का उसका तीस परसेंट आप कमर्शियल उपयोग के लिए भेजिए उसके लिए राशि उन्होंने देने के लिए वादा किया है इस संबंध में माननीय सांसद महोदय का और उपमुख्यमंत्री महोदय का भी नईगढ़ी जनपद क्षेत्र के विकास के लिए सहयोग आशीर्वाद मिलता रहा है विधायक गणों का भी रचनात्मक कार्यों में सहयोग मिलता रहा है इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र है।

